किंडरगार्टन

Public education
Discover a world of opportunities

रीडिंग: घर पर सीखना

अपनी संतान के साथ पढ़ना महत्वपूर्ण होता है!

अपनी संतान के साथ हर रोज़ पढ़ना उन्हें किताबों के प्रति रुचि जगाने और इन्हें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। अपनी संतान को नियमित तौर पर किताबों को देखने के लिए प्रोत्साहित करें, और अपने परिवार के सदस्यों और मित्रों को जितना संभव हो सके अपनी संतान के साथ पढ़ने के लिए कहें। मिलकर समय बिताने का आनन्द उठाने के प्रयोजन से अपनी संतान के साथ पढ़ने की कोशिश करें – यह दिन की समाप्ति पर किया जाने वाला एक बहुत बढ़िया काम है।

जैसे-जैसे आपकी संतान पढ़ना सीखती है वैसे-वैसे उनकी बहुत सराहना करना वास्तव में महत्वपूर्ण होता है।

पढ़ने की आदत डालें

वे बच्चे जिन्हें घर पर पढ़ने में मज़ा आता है, उनके स्कूल में पढ़ना सीखते समय सफल होने की संभावना अधिक होती है। पढ़ने का खास ऐसा समय व स्थान निर्धारित करने की कोशिश करें जिसमें आप और आपकी संतान दोनों आरामदेह और सुखद महसूस कर सकें।

पढ़ने के लिए बहुत सी सामग्री होता है जैसे कि बाल कविताएँ; कहानियों की किताबें; नॉन-फिक्शन किताबें; डायनासोर और पालतू पशुओं से सम्बन्धित किताबें; ऐसी किताबें जिन्हें आपने मिलकर बनाया हो; हंसी-मज़ाक वाली कहानियाँ और कविताएँ; चुटकुलों की किताबें; वेबसाइट्स और CD किताबें; कॉमिक बुक्स; समाचार-पत्र, कैटलाग और पत्रिकाएँ; रेसिपी बुक्स; स्ट्रीट मैप्स; और शब्दावलियाँ।

पढ़ना शुरू करने के लिए बहुत अच्छी किताबें:
Hairy Maclary and friends **Lynley Dodd द्वारा लिखी हुई *Koala Lou* Mem Fox द्वारा लिखी हुई *Mr Gumpy's outing* John Burningham द्वारा लिखी हुई *We're going on a bear hunt* Michael Rosen द्वारा लिखी हुई *Annie's chair* Deborah Niland द्वारा लिखी हुई**

अपनी स्थानीय लाइब्रेरी का प्रयोग करें

लाइब्रेरियाँ बाल पाठकों के लिए ज्ञान का गुप्त कोष होती हैं क्योंकि यहाँ भिन्न-भिन्न किताबें, CDs, DVDs, मैगज़ीन और कॉमिक्स उपलब्ध होती हैं। अपनी स्थानीय लाइब्रेरी जाना निम्नलिखित करने हेतु एक बढिया तरीका है:

- अपनी संतान के साथ यह बात सांझी करें कि किताबें कितनी महत्वपूर्ण होती हैं
- पूरे परिवार को पढ़ने की नियमित गतिविधियों में शामिल करने का
- अपनी संतान के पसंदीदा लेखकों और चित्रकारों से सम्बन्धित किताबें खोजें
- ऐसे संसाधनों का प्रयोग करें जो शायद घर पर उपलब्ध न हों, जैसे कि कम्पयूटर
- छुट्टियों की गतिविधियों में भाग लें।

Department of
Education

आपको और अधिक जानकारी
education.wa.edu.au
पर होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015
CC BY